Diamond Jubilee Year (2023-24)

GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR

Re-Accredited 'B' by NAAC

Affiliated by Guru Jambheshwar University, Moradabad (U.P.)

Admission Process (Session 2026-27)

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश (NEP 2020 अनुसार) हेतु दिशा निर्देश (सत्र 2026-27)

1. स्नातक प्रथम वर्ष में सभी प्रवेश विश्वविद्यालय के नियम व नई शिक्षा नीति के 2020 (NEP 2020) अनुसार सेमेस्टर पद्धति (Semester System) में **Guru Jambheshwar University Moradabad** द्वारा संपन्न किए जाएंगे।
2. **महाविद्यालय एवं विश्विद्यालय पर रजिस्ट्रेशन करते समय अभ्यर्थी केवल स्वयं की Email Id व् मोबाइल न. का प्रयोग करें , किसी साइबर अथवा अन्य की Email Id व् मोबाइल न. का प्रयोग कदापि न करें।**
3. स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय ***Guru Jambheshwar University Moradabad*** की वेबसाइट https://gjum.ac.in/ पर एडमिशन पेज पर (समर्थ पोर्टल)https://gjumadm.samarth.edu.in/index.php/registration/user/register पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा विश्वविद्यालय पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को महाविद्यालय की वेबसाइट (www.grpgcrampur.com) पर भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है अन्यथा आप के प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।
4. अभ्यर्थी को **गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद** आवेदन फॉर्म एवं महाविद्यालय रजिस्ट्रेशन फॉर्म व रसीद अपने पास ही सुरक्षित रखनी हैं, तथा मेरिट में नाम आने के पश्चात प्रवेश के समय प्रवेश फार्म एवं अन्य सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ जमा करनी होगी ।
5. मेरिट लिस्ट (Merit List) महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी ।मेरिट लिस्ट के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट/समाचार पत्र/महाविद्यालय नोटिस बोर्ड को निरंतर देखते रहें,किसी मैसेज का इंतजार ना करें ।
6. मेरिट में नाम आने के उपरांत अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा ।
7. प्रवेश के लिए ज्येष्ठता सूची (Merit List) तैयार करते समय प्रतिवर्ष के अन्तराल के 02 प्रतिशत अंक घटाकर प्रवेश योग्यता सूची (मैरिट) तैयार की जायेगी।

8. प्रवेशार्थी प्रवेश फॉर्म पर सभी सूचनाएं सही-सही अंकित करे तथा सूचना से संबंधित उपयुक्त प्रमाण पत्र भी प्रवेश के समय जमा करने होंगे ।विशेषत: विषय का चयन सावधानी से करें बाद में विषय परिवर्तन संभव नहीं होगा ।

9. रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय, अभ्यर्थी को अंक तालिका (Mark Sheet) पर प्रदर्शित सभी विषयों को शामिल करते हुए प्राप्तांक/ पूर्णांक लिखने हैं (Best of five का सिद्धांत लागू नहीं होगा) ।

10. यूपी बोर्ड आदि बोर्ड की अंक तालिका जिनमें प्राप्तांक तथा अधिकतम पूर्णांक अंकित होते हैं वहां अंकित प्राप्तांक ही मान्य हैं ।

11. परीक्षा शुल्क (Exam Fee) यूनिवर्सिटी द्वारा ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म (Online Exam form) का आवेदन करते वक्त लिया जाएगा।

12. **गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद** के नियमानुसार बी.कॉम. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किसी भी विषय से इण्टरमीडिएट (कृषि को छोड़कर) उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी अनुमन्य होंगे।

13. बीएससी मैथ में केवल उन्हीं को प्रवेश दिया जाएगा जो प्रवेशार्थी इंटरमीडिएट में फिजिक्स, केमिस्ट्री ,मैथ (PCM) में उत्तीर्ण (Pass) है। जो प्रवेशार्थी फिजिक्स, केमिस्ट्री **और** मैथ में से किसी भी विषय में अनुत्तीर्ण (Fail) है तो उन्हें बीएससी मैथ में प्रवेश देने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

14. बीएससी बायो वर्ग में उन्ही प्रवेशार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जो इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान, फिजिक्स, केमिस्ट्री (PCB) में उत्तीर्ण (Pass) है।

15. विद्यार्थी एक बार स्नातक उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त इसी विश्वविद्यालय से पुनः किसी अन्य संकाय के अन्तर्गत स्नातक उपाधि प्राप्त करने हेतु अर्ह नहीं होगा।

16. आपका नाम मेरिट लिस्ट में आना प्रवेश की गारंटी नहीं है आपका प्रवेश आपके सभी प्रमाण पत्रों, अंक पत्रों की जांच होने के उपरांत ही सुनिश्चित माना जाएगा ।

17. अगर प्रवेशार्थी द्वारा अपलोड किए गए प्रमाण पत्रों तथा फार्म में अंकित सूचना में कोई विसंगति पाई जाती है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। इस स्थिति में फीस वापसी के दावे पर कोई विचार नही किया जाएगा।

18. प्रवेशार्थी द्वारा दी गई ऑनलाइन सूचना एवं उससे संबंधित प्रस्तुत प्रमाण पत्रों में यदि कोई विसंगति पाई जाती है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। इसके लिए समस्त उत्तरदायित्व प्रवेशार्थी का होगा।

****